# नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

## ऑनलाईन काउंसलिंग कार्यक्रम 2020–21

### Animal Husbandry Diploma (पशुपालन पत्रोपाधि पाठ्यक्रम) (स्ववित्तीय)

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा आयोजित पशुपालन डिप्लोमाश्प्रवेष परीक्षा 2020 (D.A.H.E.T.–2020) द्वारा घोषित परिणाम के आधार पर मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत वेटनरी पॉलीटेक्निक (जबलपुर, महू, रीवा, मुरैना एवं भोपाल) में द्विवर्षीय पशुपालन पत्रोपाधि पाठ्यक्रम (स्ववित्तीय) में प्रवेश लेने के इच्छुक समस्त उम्मीदवार अहर्ताकारी परीक्षा में प्रावीण्य सूची के आधार पर तालिका क्र. 1 में दिये गये श्रेणीवार प्राप्त प्राप्तांक या उससे अधिक प्राप्त प्राप्तांक के समस्त अभ्यर्थी तालिका क्र. 2 में दर्शाये कार्यक्रमानुसार ऑनलाईन काउंसलिंग में इन्टरनेट के माध्यम से अपने घर/शहर/गांव से वेबसाईट www.ndvsu.org **अथवा** www.crisponlineservices.com के माध्यम से सम्मिलित हो सकते है।

**तालिका क्र. 1** (Free & Payment Seats)

| क्र. | श्रेणी | D.A.H.E.T.–2020 में प्राप्त प्राप्तांक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित श्रेणी की समस्त महिला अभ्यर्थी UR (F) | 15 या अधिक |
| 2 | अनारक्षित श्रेणी के समस्त अभ्यर्थी UR (X) | 28 या अधिक |
| 3 | अनारक्षित श्रेणी के आर्थिक रुप से कमजोर अभ्यर्थी UR (EWS) | 28 या अधिक |
| 4 | अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी की समस्त महिला अभ्यर्थी OBC (F) | 20 या अधिक |
| 5 | अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी के समस्त अभ्यर्थी OBC(X) | 28 या अधिक |
| 6 | अनु. जाति श्रेणी की समस्त महिला अभ्यर्थी SC (F) | 10 या अधिक |
| 7 | अनु. जाति श्रेणी के समस्त अभ्यर्थी SC (X) | 15 या अधिक |
| 8 | अनु. जनजाति श्रेणी की समस्त महिला अभ्यर्थी ST (F) | 10 या अधिक |
| 9 | अनु. जनजाति श्रेणी के समस्त अभ्यर्थी ST (X) | 15 या अधिक |
| वर्गः F = महिला, EWS = सामान्यØ वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर X = इन में से कोई नहीं अर्थात बिना वर्ग। | | |

**तालिका क्र. 2**

| काउंसलिंग के चरण | अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, इच्छित संस्थाओं मे प्राथमिकता क्रम का चयन एवं पोर्टल शुल्क का भुगतान कर लॉक करना | आवंटन पत्रों की ऑनलाईन उपलब्धता | आबंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क के साथ अभ्यर्थी की स्वयं की उपस्थिति, दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश | प्रवेश के पश्चात् अपग्रेडेशन का विकल्प ऑनलाईन प्रस्तुत करना | अपग्रेडेशन के पश्चात् रिक्त सीटो की जानकारी |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम चरण | 08/01/2021 से 13/01/2021 (रात 12 बजे तक) | 15/01/2021 | 18/01/2021 से 20/01/2021 (अवकाश दिवस छोडकर **सुबह 11बजे से शाम 4 बजे तक**) | 18/01/2021 से 20/01/2021 (रात 12 बजे तक) | 22/01/2021 |
| द्वितीय चरण (सीट रिक्त रहने पर) | 23/01/2021 से 25/01/2021 (रात 12 बजे तक) | 27/01/2021 | 29/01/2021 एवं 30/01/2021 (अवकाश दिवस छोडकर **सुबह 11बजे से शाम 4 बजे तक**) | 29/01/2021 से 30/01/2021 (रात 12 बजे तक) | 01/02/2021 |
| तृतीय चरण (सीट रिक्त रहने पर) | 02/02/2021 से 04/02/2021 (रात 12 बजे तक) | 05/02/2021 | 08/02/2021 एवं 09/02/2021 (अवकाश दिवस छोडकर **सुबह 11बजे से शाम 4 बजे तक**) | निरंक | निरंक |

- प्रवेश नियम, काउंसलिंग प्रक्रिया, उपलब्ध सीटें, श्रेणीवार प्रवेश की न्यूनतम अंक सीमा (cut off marks) या उससे अधिक एवं शुल्क की विस्तृत जानकारी **www.ndvsu.org अथवा www.crisponlineservices.com** पर उपलब्ध है जिसका उम्मीदवार सूक्ष्मता से अध्ययन करने के बाद ही ऑनलाईन पंजीयन करायें एवं जो **अभ्यर्थी पेंमेंट सीट पर प्रवेष लेने के इच्छुक हैं वे आवश्यक रूप से पंजीयन कराते समय पेमेंट सीट का विकल्प भरें ।**
- पेमेंट सीट पर मेंरिट के आधार पर उन्ही अभ्यर्थियों को प्रवेश की पात्रता होगी जिन्होने प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल को आवेदन करते समय पेमेंट सीट के ऑप्शन पर टिक किया होगा या yes लिखा होगा एवं पेमेंट सीट अंकसूची उपलब्ध होगा। इसके साथ ही अभ्यार्थियों का नाम प्रोफेषनल एग्जामिनेषन बोर्ड, भोपाल द्वारा प्रदत्त DAHET -2020 के पेमेंट सूची में अनिर्वाय रूप से होना आवश्यक हैं।
- प्रवेश हेतु प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित पशुपालन डिप्लोमा प्रवेश परीक्षा 2020 (DAHET–2020) में दिये गए प्रवेश नियमों का पालन किया जावेगा एवं शासन के निर्धारित प्रारूप के अनुसार ही वांछित प्रमाण–पत्र लाना अनिवार्य होगा।
- सामान्य वर्ग के आर्थिक रुप से कमजोर (EWS) वर्ग के अभ्यर्थी ऑनलाईन पंजीयन करते समय अनिवार्य रूप से वर्ग चिन्हित करें एवं उनको वांछित प्रमाण पत्र प्रारूप के अनुसार दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा अन्यथा उपरोक्त वर्ग में प्रवेश नही दिया जा सकेगा।
- अभ्यर्थी द्वारा किसी भी चरण में एक बार पंजीयन करने के पष्चात् अगले चरण में पंजीयन की आवश्यकता नही है।
- किसी भी समय पर अगर यह पाया जाता है कि अभ्यार्थी द्वारा गलत जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत कर प्रवेश लिया गया है तो संबंधित अभ्यार्थी का प्रवेश निरस्त किया जायेगा एवं विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी ।
- ऑनलाईन काउंसलिंग के द्वारा आवंटित सीट में प्रवेश शुल्क जमा कर प्रवेश लेने के उपरांत ही अभ्यर्थी अपग्रेडेशन का विकल्प ऑनलाईन केवल उसी चरण में एक बार भर सकता हैं। अगले चरण में अपग्रेडेशन के विकल्प की सुविधा नही होगी।
- यदि अपग्रेडेशन हुआ हो तो, अपग्रेडेशन के पश्चात् अभ्यर्थी को आवंटित महाविद्याालय में निधार्रित तिथि में उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्रवेश निरस्त माना जावेगा।
- प्रत्येक चरण के ऑनलाईन काउंसलिंग में रिक्त सीटो पर प्रवेशित अभ्यर्थियों के अपग्रेडेशन उपरांत ही शेष रिक्त सीटो पर आवंटन कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों से किया जावेगा।
- यदि किसी अभ्यर्थी ने सीट आवंटन के उपरांत प्रवेश नही लिया तब वह अभ्यर्थी अगले चरण की काउंसलिंग में भाग लेने का पात्र नही होगा।
- यदि किसी अभ्यर्थी का प्रवेश किसी भी चरण में किसी एक पाठ्यक्रम में हो जाता है एवं अगले चरण में उसका चयन किसी अन्य पाठ्यक्रम में हो जाता है तो उस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेते ही पूर्व चरण में लिया गया प्रवेश स्वतः ही समाप्त हो जायेगा।

➢ आवश्यकतानुसार समय सारणी में परिर्वतन किया जा सकता हैं ।

➢ काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान म.प्र शासन द्वारा अकस्मिक अवकाश घोषित होने या किसी अन्य कारण से अवकाष घेषित होने पर निर्धारित काउंसलिंग प्रक्रिया अगले कार्य दिवस में संपन्न की जावेगी ।

➢ **दस्तावेज सत्यापन के समय यदि अभ्यर्थी द्वारा आवश्यक निर्धारित दस्तावेजों को प्रस्तुत नही किया गया तो उसका सीट आवंटन निरस्त कर दिया जाऐगा एवं अगले चरण में वह अभ्यर्थी प्रवेश हेतु भाग नही ले सकेगा।**

➢ मूल दस्तावेजों (Original documents) का सत्यापन निम्नलिखित महाविद्यालयों पर निर्धारित तिथियो में तालिका क्रमांक 02 मे दिये गये कार्यक्रमानुसार संपन्न किया जावेगा।

| आवंटित महाविद्यालय | महाविद्यालय में उपस्थिति, दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश शुल्क का भुगतान |
|---|---|
| वेटनरी पॉलीटेक्निक, जबलपुर | पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर<br>सिविल लाईन्स, जबलपुर रेल्वे स्टेषन के पास, जबलपुर (म.प्र.)<br>दूरभाष. 0761–2621330 / 2629119 |
| वेटनरी पॉलीटेक्निक, भोपाल | पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, महू<br>रसलपुरा महू – इन्दौर (म.प्र.)<br>दूरभाष. 07324–276655 |
| वेटनरी पॉलीटेक्निक, महू | पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, महू<br>रसलपुरा महू – इन्दौर (म.प्र.)<br>दूरभाष. 07324–276655 |
| वेटनरी पॉलीटेक्निक, मुरैना | पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, महू<br>रसलपुरा महू – इन्दौर (म.प्र.)<br>दूरभाष. 07324–276655 |
| वेटनरी पॉलीटेक्निक, रीवा | पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, रीवा<br>कुठुलिया फार्म, रीवा (म.प्र.) |

**अधिष्ठाता संकाय,**
**ना.दे.प.चि. वि.वि., जबलपुर**

# नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर

### ऑनलाईन काउंसलिंग प्रक्रिया 2020–21

### Animal Husbandry Diploma (based on D.A.H.E.T.- 2020 result)

# ऑनलाईन काउंसलिंग हेतु प्रमुख स्टेप

1. ऑनलाईन पंजीयन (Online Registration)
2. ऑनलाईन प्राथमिकताक्रम का चयन एवं ऑनलाईन आवेदन/पोर्टल शुल्क का भुगतान

   (Online preferences/choice filling and payment of online application/portal fee)
3. ऑनलाईन आवंटन (Online Allotment)
4. आवंटित महाविद्यालय में उपस्थिति, दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश शुल्क का भुगतान

   (Reporting for Admission in allotted college, Documents Verification and payment of admission fees)
5. प्रवेश के पश्चात् अपग्रेडेशन का विकल्प ऑनलाइन प्रस्तुत करना

   (Online choice for upgradation after admission)
6. अपग्रेडेशन होने के पश्चात् आवंटित महाविद्याालय में उपस्थिति

   (Reporting in the newly alloted college after upgradation)

✓ काउंसलिंग में अहर्ताकारी परीक्षा में प्राप्तांकों तथा काउंसलिंग कार्यक्रम के आधार पर सम्मिलित होने वाले समस्त श्रेणी के समस्त अभ्यर्थियों को उपरोक्त सभी स्टेप्स 1 से 6 तक का पालन करना होगा।

### 1. ऑनलाईन पंजीयन (Online Registration)

समस्त श्रेणी के अभ्यर्थीयों को काउंसलिंग में सम्मिलित होने के लिये वेबसाईट पर ऑनलाईन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। **पंजीयन हेतु कोई शुल्क देय नही है।** ऑनलाईन काउंसलिंग में इन्टरनेट के माध्यम से अपने घर/शहर/गांव से वेबसाईट **www.ndvsu.org** या **www.crisponlineservices.com** के माध्यम से सम्मिलित हो सकते है।

➢ सफलतापूर्वक पंजीयन उपरांत अभ्यर्थी को आई.डी. एवं पासवर्ड SMS/email द्वारा प्राप्त होगा।

➢ अगली बार अभ्यर्थी अपने आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर लॉगईन कर सकते है।

➢ सभी अभ्यर्थी सुनिश्चित कर ले कि काउंसलिंग की प्रक्रिया के लिये पासवर्ड सुरक्षित व गोपनीय रखें ताकि समय–समय पर आवश्यकतानुसार उसका उपयोग करने में परेशानी न हो।

➢ अभ्यर्थी को यह सुविधा रहेगी की वह कभी भी अपना पासवर्ड बदल सकता है।

➢ पासवर्ड भूल जाने/गुम जाने की दशा में अभ्यार्थी द्वारा **Forget Password** पर क्लिक कर पासवर्ड **Reset** किया जा सकेगा।

**2. ऑनलाईन प्राथमिकताक्रम का चयन एवं पोर्टल शुल्क का भुगतान**

(Online preferences/choice filling and payment of portal fee)

सफलतापूर्वक लॉगइन पश्चात अभ्यर्थी अपनी वांछित जानकारी का उपयोग कर संस्थाओं एवं फ्री (Free)/पेमेंट (Payment) सीटों का प्राथमिकताक्रम से चयन करें। इस कार्यवाही के लिये निम्नानुसार प्रक्रिया का पालन करना होगा –

**अभ्यर्थी कम से कम एक तथा अधिक से अधिक सभी उपलब्ध महाविद्यालयों एवं फ्री (Free) / पेमेंट (Payment) सीटों का प्राथमिकतानुसार ऑनलाइन चयन करें तथा निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व शुल्क का भुगतान कर च्वॉइस लॉक करें।**

अपनी इच्छित प्राथमिकताक्रम को लॉक करने के पूर्व अभ्यर्थी अपनी इच्छित प्राथमिकताक्रम को अपनी संतुष्टि के लिये कई बार बदल सकते है। पेमेंट सीट पर मेंरिट के आधार पर उन्ही अभ्यर्थियों को प्रवेश की पात्रता होगी जिन्होने प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल को आवेदन करते समय पेमेंट सीट के ऑप्शन पर टिक किया होगा या yes लिखा होगा एवं पेमेंट सीट अंकसूची उपलब्ध होगा। इसके साथ ही अभ्यार्थियों का नाम प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा प्रदत्त DAHET - 2020 के पेमेंट सूची में अनिर्वाय रूप से होना आवष्यक हैं।

पोर्टल शुल्क का भुगतान करने के बाद इच्छित प्राथमिकताक्रम लॉक हो जावेगा तथा उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नही हो सकेगा। अभ्यर्थियों को पोर्टल शुल्क **रु. 200/– (राशि दो सौ रु. मात्र) + GST** का ऑनलाइन भुगतान करना होगा जो कि वापसी योग्य नहीं (Non refundable) है। अपनी च्वाईस को लॉक करने के बाद एक पावती प्राप्त होगी जिसमें भुगतान किये गये शुल्क का ब्यौरा तथा उनकी च्वाईस (Choice) का क्रम प्राथमिकताक्रम के अनुसार मुद्रित होगा। **अभ्यर्थी इस पावती (Receipt) को संभालकर अपने पास रखें।**

- शुल्क भुगतान के लिये निम्नलिखित दिये गये विकल्पों में से किसी भी एक विकल्प का उपयोग किया जा सकता है।
  - इन्टरनेट बैकिंग (समस्त बैंक)
  - एटीएम/डेबिट/क्रेडिट कार्ड (मास्टर/वीजा)

ऑनलाईन शुल्क भुगतान के समय किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए विश्वविद्यालय जबाबदार नहीं होगा।

**3. ऑनलाईन आवंटन (Online Allotment)**

पशुपालन पत्रोपाधि प्रवेश परीक्षा 2020 में प्राप्तांक, अभ्यर्थियों द्वारा भरी गई प्राथमिकताक्रम, पशुपालन डिप्लोमा प्रवश परीक्षा 2020 के प्रवेश नियमों के आधार पर कॉमन मेरिट के अनुसार निर्धारित समय सारणी के अनुसार आवंटन किया जावेगा तथा आवंटित संस्था एवं फ्री अथवा पेमेंट सीट का उल्लेख आवंटन पत्र में होगा, जिसे वे अपने लॉग इन आईडी/पासवर्ड डालकर इसका प्रिंटआउट प्राप्त करेगें।

**4. आवंटित महाविद्यालय में उपस्थिति, दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश शुल्क का भुगतान**

**(Reporting for Admission in allotted college, Documents Verification and payment of admission fees)**

अभ्यर्थी प्रवेश लेने हेतु नीचे दर्षायी गई संस्था में आवंटन पत्र तथा अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक शुल्क के साथ उपस्थित होंगे। निम्नलिखित मूल दस्तावेजों का आवंटित संस्था में सत्यापित करवाना अनिवार्य होगा–

- पशुपालन पत्रोपाधि प्रवेश परीक्षा (DAHET) 2020 की अंक सूची।
- हाई स्कूल (10th) एवं हायर सेकेण्डरी (12th Class) की मूल अंकसूची एवं प्रमाण–पत्र।
- चरित्र प्रमाण पत्र अन्तिम अध्ययनरत संस्था के प्राचार्य का।
- स्थानांतरण प्रमाण पत्र।
- यदि अभ्यार्थी किसी महाविद्यालय में दाखिला लिया है तो विश्वविद्यालय का प्रवर्जन (माइग्रेशन) प्रमाण पत्र।
- तत्काल की चार पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो जिसके पीछे अभ्यर्थी अपना नाम लिखेंगे।
- सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया आरक्षित/संवर्ग हेतु शासन के निर्धारित प्रारुप में जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।
- सामान्य वर्ग के आर्थिक रुप से कमजोर (EWS) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।
- मध्यप्रदेश के मूल निवासी प्रमाण पत्र।
- यदि अध्ययन के दौरान कक्षा बारहवीं के बाद अंतराल हुआ हो तो उसका शपथ पत्र।
- पंजीयत चिकित्सक द्वारा जारी रक्त समूह का विवरण व स्वास्थ्य प्रमाण पत्र।
- माता/पिता अथवा अभिभावक का आय प्रमाण पत्र (1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 तक) ( आरक्षित वर्ग के लिए )
- ऑनलाइन आवंटन का प्रिंट आउट।
- आधार कार्ड।

समस्त मूलदस्तावेजों की दो छायाप्रति (फोटोकापी) लाना अनिवार्य होगी।

**अभ्यर्थियों को निम्नलिखित महाविद्यालयों में उपस्थिति, दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश शुल्क का भुगतान करना होगा।**

| **आवंटित महाविद्यालय** | **महाविद्यालय में उपस्थिति, दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश शुल्क का भुगतान** |
|---|---|
| वेटनरी पॉलीटेक्निक, जबलपुर | पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर सिविल लाईन्स, जबलपुर रेल्वे स्टेशन के पास, जबलपुर (म.प्र.) दूरभाष. 0761–2621330 / 2629119 |
| वेटनरी पॉलीटेक्निक, भोपाल | पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, महू रसलपुरा महू – इन्दौर (म.प्र.) दूरभाष. 07324–276655 |
| वेटनरी पॉलीटेक्निक, महू | पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, महू रसलपुरा महू – इन्दौर (म.प्र.) दूरभाष. 07324–276655 |
| वेटनरी पॉलीटेक्निक, मुरैना | पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, महू रसलपुरा महू – इन्दौर (म.प्र.) दूरभाष. 07324–276655 |
| वेटनरी पॉलीटेक्निक, रीवा | पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, रीवा कुठुलिया फार्म, रीवा (म.प्र.) |

महाविद्यालय में अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात् Eligible/Not Eligible की पावती जारी की जावेगी। चाहे गए दस्तावेज सही होने पर एवं Eligible की पावती प्राप्त होने पर ही आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश की पात्रता होगी।

इसके पश्चात् महाविद्यालय में निर्धारित तिथि में प्रवेश शुल्क अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। **कुल शुल्क भुगतान की पावती प्रस्तुत करने पर ही अभ्यर्थी आवंटित संस्था में प्रवेश के पात्र होंगे।** कुल शुल्क निर्धारित तिथि पर न जमा करने पर अभ्यार्थी का प्रवेश निरस्त कर उसकी सीट रिक्त मानी जायेगी एवं अगले प्रत्याषी को योग्यता सूची के आधार पर प्रवेश दे दिया जावेगा।

अनारक्षित वर्ग/अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को समान रूप से नीचे दर्शायी गयी **फ्री सीट के लिये निर्धारित शुल्क 34700/– एवं पेमेंट सीट के लिये निर्धारित शुल्क 54700/–** प्रवेश के दिन ही जमा करना अनिवार्य होगा ( आरक्षित श्रेणी के अभ्यथियों को प्रवेश के पश्चात् नियमानुसार म.प्र शासन के द्वारा घोषित छात्रवृत्ति अभ्यार्थी के बैंक खाते मे शासन द्वारा सीधे जमा कराई जावेगी ) ।

**कुल शुल्क :–**

| स.क्र. | वर्ष | कुल शुल्क (रूपए में) | |
|---|---|---|---|
| | | फ्री सीट | पेमेन्ट सीट |
| 1 | प्रथम वर्ष प्रथम छःमाही | 34700 / – | 54700 / – |
| 2 | प्रथम वर्ष द्वितीय छःमाही | 26710 / – | 46710 / – |
| 3 | द्वितीय वर्ष प्रथम छःमाही | 26710 / – | 46710 / – |
| 4 | द्वितीय वर्ष द्वितीय छःमाही | 26710 / – | 46710 / – |

**बैंक डॉफ्ट हेतु विवरण**

चयनित अभ्यर्थीयों को सूचित किया जाता हें कि आवंटित महाविधालय में प्रवेश शुल्क जमा करने हेतु बैंक डॉफ्ट विवरण निम्नलिखित अनुसार बनवाए ।

| स.क्र | महाविद्यालय का नाम | बैंक डॉफ्ट तैयार करने हेतु विवरण |
|---|---|---|
| 1 | वेटनरी पॉलीटेक्निक, जबलपुर | Veterinary Polytechnic Jabalpur Payable at Jabalpur |
| 2 | वेटनरी पॉलीटेक्निक, भोपाल | Dean, Veterinary Polytechnic, Mhow Payable at Rasalpura, Mhow |
| 3 | वेटनरी पॉलीटेक्निक, महू | Dean, Veterinary Polytechnic, Mhow Payable at Rasalpura, Mhow |
| 4 | वेटनरी पॉलीटेक्निक, मुरैना | Dean, Veterinary Polytechnic, Morena Payable at Rasalpura, Mhow |
| 5 | वेटनरी पॉलीटेक्निक, रीवा | Veterinary Polytechnic College, Rewa Payable at Rewa |

**शुल्क वापसी–** सत्र 2020–21 में पशुपालन पत्रोपाधि पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के पश्चात् किसी कारणवश प्रवेश निरस्त करने पर शुल्क वापस विश्वविद्यालय नियमानुसार किया जाएगा।

**5. प्रवेश के पश्चात् अपग्रेडेशन का विकल्प ऑनलाइन प्रस्तुत करना**

**(Online choice for upgradation after admission)**

आवंटित महाविद्यालय में निर्धारित तिथि में प्रवेश लेने के पश्चात् ही अभ्यार्थी वेबसाईट पर ऑनलाईन अपग्रेडेशन का विकल्प केवल उसी चरण में एक बार ही भर सकता हैं, अगले चरण में अपग्रेडेशन के विकल्प की सुविधा उसको नही होगी। अपग्रेडेशन केवल अभ्यार्थी द्वारा इच्छित प्राथमिकताक्रम जो ऑनलाईन पंजीयन एवं पोर्टल शुल्क का भुगतान करने के बाद लॉक हो गया है उसी प्राथमिकताक्रम के अनुसार की जावेगी। रिक्त सीट उपलब्ध होने पर सीट का अपग्रेडेशन पशुपालन पत्रोपाधि प्रवेश परीक्षा 2020 में प्राप्तांक, अभ्यर्थियों द्वारा भरा गया प्राथमिकताक्रम, पशुपालन डिप्लोमा प्रवेश परीक्षा 2020 के प्रवेश नियमों के आधार पर कॉमन मेरिट के अनुसार की जावेगी।

**6. अपग्रेडेशन के पश्चात् आवंटित महाविद्यालय में उपस्थिति**

**( Reporting in the alloted college after upgradation**

अपग्रेडेशन के पश्चात् अभ्यर्थी को आवंटित महाविद्यालय एवं फ्री (Free)/पेमेंट (Payment) सीट में निर्धारित तिथि में उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्रवेश निरस्त माना जावेगा।

**Animal Husbandry Diploma (पशुपालन पत्रोपाधि पाठ्यक्रम) में सीटों का श्रेणी वार आरक्षण**

# फ्री सीट का आवंटन एवं आरक्षण

| समस्त वर्ग आरक्षण | | | | | | | महिला वर्ग का आरक्षण | | | | | EWS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स.क्र. | महाविद्यालय का नाम | अना. | एस.सी. | एस.टी. | अ.पि.व. | कुल सीटें | अना. | एस.सी. | एस.टी. | अ.पि.व. | कुल महिला सीटें | |
| 1 | वेटनरी पोलीटेकनिक, जबलपुर | 16 | 5 | 6 | 5 | 32 | 8 | 3 | 3 | 2 | 16 | **2** |
| 2 | वेटनरी पोलीटेकनिक, महू | 16 | 6 | 6 | 5 | 33 | 8 | 2 | 3 | 2 | 15 | **2** |
| 3 | वेटनरी पोलीटेकनिक, रीवा | 17 | 6 | 7 | 4 | 34 | 7 | 2 | 3 | 2 | 14 | **2** |
| 4 | वेटनरी पोलीटेकनिक, भोपाल | 17 | 5 | 7 | 5 | 34 | 7 | 2 | 3 | 2 | 14 | **3** |
| 5 | वेटनरी पोलीटेकनिक, मुरैना | 17 | 5 | 8 | 5 | 35 | 7 | 2 | 2 | 2 | 13 | **3** |
| | **कुल योग** | 83 | 27 | 34 | 24 | 168 | 37 | 11 | 14 | 10 | 72 | **12** |

# पेमेंट सीट का आवंटन एवं आरक्षण

| समस्त वर्ग आरक्षण | | | | | | | महिला वर्ग का आरक्षण | | | | | EWS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स.क्र. | महाविद्यालय का नाम | अना. | एस.सी. | एस.टी. | अ.पि.व. | कुल सीटें | अना. | एस.सी. | एस.टी. | अ.पि.व. | कुल महिला सीटें | |
| 1 | वेटनरी पोलीटेकनिक, जबलपुर | 5 | 2 | 1 | 1 | 9 | 2 | - | 1 | 1 | 4 | **1** |
| 2 | वेटनरी पोलीटेकनिक, महू | 5 | 1 | 1 | 2 | 9 | 2 | 1 | 1 | - | 4 | **1** |
| 3 | वेटनरी पोलीटेकनिक, रीवा | 4 | 1 | 1 | 2 | 8 | 2 | 1 | 1 | - | 4 | **1** |
| 4 | वेटनरी पोलीटेकनिक, भोपाल | 3 | 2 | 2 | 1 | 8 | 2 | - | 1 | - | 3 | **-** |
| 5 | वेटनरी पोलीटेकनिक, मुरैना | 4 | 1 | 3 | - | 8 | 1 | 1 | - | 1 | 3 | **-** |
| | **कुल योग** | 21 | 7 | 8 | 6 | 42 | 9 | 3 | 4 | 2 | 18 | **03** |

**(EWS** = सामान्यu वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर**)**

**अधिष्ठाता संकाय**